उत्तर प्रदेश सरकार
**उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड**
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

# सूचना / विज्ञप्ति

## उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025

## लिखित परीक्षा की प्रक्रिया का प्रकाशन
## एवं
## ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक भरने के निर्देश

संख्या–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02 / 2025 दिनांक–फरवरी ०६,2026

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 की समसंख्यक विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 के अनुक्रम में अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाये गये हैं, उनसे वस्तुनिष्ठ प्रकार की लिखित परीक्षा (OMR Based) में सम्मिलित होने की अपेक्षा की जायेगी।

1. लिखित परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकृति की होगी व परीक्षा का माध्यम पेन और पेपर **(ओ0एम0आर)** आधारित होगा। वस्तुनिष्ठ परीक्षा 100 प्रश्नों एवं 100 अंकों की होगी, जिसकी अवधि 2:00 घण्टा होगी।
2. लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र की संरचना निम्नवत् होगीः–

| क्र0सं0 | विषय | प्रश्नों की संख्या | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य ज्ञान | 100 | 100 अंक |

3. लिखित परीक्षा का एक विषय होगा।
4. प्रत्येक सही उत्तर के लिये 01 अंक निर्धारित है। इसमें ऋणात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।
5. लिखित परीक्षा में 25 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने में विफल रहने वाले अभ्यर्थी, एनरोलमेंट के लिए पात्र नहीं होगे।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये जायेगें। इनमें से अभ्यर्थी जिस उत्तर को सही समझते हों चुन लें। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक ही उत्तर चुनें तथा तद्नुसार ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में उत्तर (गोला) भरें।
7. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक एवं गोला भरने के लिए केवल काला / नीला बॉल प्वाइंट पेन इस्तेमाल करें।

8. अभ्यर्थी इस बात का ध्यान रखें कि प्रश्न पुस्तिका क्रमांक और ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक क्रमांक समान हो। अगर ऐसा नहीं है, तो तुरन्त अपने कक्ष–निरीक्षक को सूचित करें और अपनी प्रश्न पुस्तिका और ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक बदलवाएं।


9. अभ्यर्थी द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर परीक्षा केन्द्र कोड, अनुक्रमांक, प्रश्न पुस्तिका क्रमांक आदि प्रविष्टियों को काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरना अनिवार्य है। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक के **"भाग–ए"** में प्रश्न पुस्तिका क्रमांक को न भरने अथवा गलत भरने की हालत में ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की जॉच नहीं की जायेगी और इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।

10. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की जॉच इलेक्ट्रानिक माध्यम से की जाएगी। अपूर्ण अथवा गलत तरीके से ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में भरी गयी जानकारी जैसे– परीक्षा केन्द्र कोड, अनुक्रमांक तथा प्रश्न पुस्तिका क्रमांक आदि अमान्य होगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थन निरस्त हो जायेगा। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक भरने में किसी भी त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगें। ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर निर्दिष्ट किये हुये स्थान पर अतिरिक्त कुछ न लिखें या अंकित न करें, अन्यथा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक अमान्य कर दिया जायेगा।

11. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिये गये चार विकल्पों में से चयनित उत्तर के लिए ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह काले/नीले बॉल प्वाइंट पेन से भरें। यदि किसी प्रश्न में एक विकल्प गोले को भरने के साथ–साथ अन्य विकल्प गोले पर किसी प्रकार की मार्किंग, रेखा, धब्बा बना पाया जाता है तो उस प्रश्न का विकल्प गलत उत्तर के रूप में पढ़ा जायेगा।

12. ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक भरने हेतु उदाहरण के लिए नीचे परीक्षा केन्द्र कोड, अनुक्रमांक तथा प्रश्न पुस्तिका क्रमांक को भरने/अंकित करने की विधि दी गयी है। इसी प्रकार से आपको अपने 1. परीक्षा केन्द्र कोड, 2. अनुक्रमांक, 3. प्रश्न पुस्तिका क्रमाकं अपने ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक में भरना/अंकित करना है।


## <u>उदाहरण/Example</u>



13. गोलों को मिटाने अथवा दोबारा भरने का प्रयत्न न करें। किसी प्रश्न का एक से अधिक उत्तर गलत माना जायेगा। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर, रबर, ब्लेड का प्रयोग वर्जित है। एक बार उत्तर अंकित किये जाने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है। गलत निशान/कोई निशान ओ0एम0आर0 स्कैनर के द्वारा पढ़ा जा सकता है।

14. नीचे दिये गये उदाहरण में केवल पहले बॉक्स में दी गयी विधि सही है, शेष चारों बाक्स उत्तर देने की गलत विधियॉ को दर्शाते है।

**<u>उदाहरण/Example</u>**




15. परीक्षा के उपरान्त अभ्यर्थी ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक ज्यों की त्यों कक्ष निरीक्षक को सौप दें। कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा ओ0एम0आर0 उत्तर पत्रक की प्रतियों को फाड़कर अलग कर अभ्यर्थी को अभ्यर्थी प्रति सौंपी जायेगी, अभ्यर्थी को केवल अभ्यर्थी की प्रति लेकर परीक्षा हाल से बाहर जाने की अनुमति दी जायेगी।

16. प्रश्न पत्र में सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में होगें। किसी संशय या भ्रम की स्थिति में अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।

17. अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार लिखित परीक्षा दिनांक 25–04–2026, 26–04–2026 एवं 27–04–2026 को विभिन्न प्रश्नपत्रों के साथ 06 पालियों में आयोजित की जायेगी।

18. **किसी एक जनपद के** अभ्यर्थियों की लिखित परीक्षा एक से अधिक पालियों में अथवा एक से अधिक दिनांकों को विभिन्न पालियों में विभिन्न प्रश्नपत्रों के साथ संचालित कराये जाने की दशा में, ऐसी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों के प्रसामान्यीकरण (NORMALIZATION) की कार्यवाही की जायेगी। इस सम्बन्ध में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की सूचना/विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–एक–1(155)/2023 दिनांक 18–12–2023 में विहित प्रक्रिया अपनायी जायेगी।

19. प्रश्न पत्र में किसी प्रश्न या उसके सभी उत्तर विकल्प त्रुटिपूर्ण पाये जाते हैं तो ऐसे प्रश्नों को निरस्त कर दिया जायेगा और निरस्त प्रश्नों के अंकों का वितरण मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या–2669/2009 (एम/बी) पवन कुमार अग्रहरि बनाम उ0प्र0 लोक सेवा आयोग में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा स्थापित व्यवस्था के निम्न सूत्र के अनुसार की जायेगीः–

सूत्रः– $$\frac{\text{सही उत्तर X निर्धारित अंक}}{\text{सही प्रश्नों की संख्या}}$$

20. यदि किसी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर विकल्प सही पाये जाते हैं तो ऐसे किसी भी एक सही विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित करने पर अभ्यर्थी को उस प्रश्न के लिये निर्धारित अंक प्रदान किये जायेगें किन्तु किसी भी दशा में एक से अधिक विकल्पों को उत्तर के रूप में अंकित करने पर अभ्यर्थी को उस प्रश्न के लिए अंक नहीं दिये जायेगें।

21. अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह प्रत्येक प्रश्न का एक सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प ही उत्तर के रूप में अंकित करें।

22. लिखित परीक्षा के प्रवेश–पत्र यथासमय बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर उपलब्ध होंगे, जहां से अभ्यर्थी उसे स्वयं डाउनलोड कर प्राप्त कर सकेंगे।

23. बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा के लिये विस्तृत पाठ्यक्रम बोर्ड की विज्ञप्ति संख्या–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांकित 18–11–2025 के द्वारा प्रदर्शित किया जा चुका है। पाठ्यक्रम संकेतात्मक प्रकृति का है और परीक्षा के पश्चात पाठ्यक्रम से सम्बन्धित मामलों पर कोई अपील या आपत्तियॉ नहीं की जा सकेगी।

24. यह सूचना सर्वसाधारण के लिए प्रकाशित की जा रही है। अतः जो सूचनायें इस सूचना/विज्ञप्ति के माध्यम से उपलब्ध करायी जा रहीं है उनके सम्बन्ध में सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के अर्न्तगत पृथक से कोई प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें और न ही उन पर बोर्ड द्वारा कोई विचार किया जायेगा।

25. यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे नवीनतम अपडेट व अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/ निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

05.02.26

**(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)**
अपर सचिव, भर्ती,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।